RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 239 | नागौर, 03 अगस्त, 2022 (बुधवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## अमेरिकी ड्रोन हमले में मारा गया अलकायदा सरगना अल जवाहिरी

### बाइडेन बोले- हमने ढूंढ कर मारा





अमेरिका ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में अल कायदा सरगना अल जवाहिरी को एक ड्रोन स्ट्राइक में मार गिराया है। खुफिया सूचना मिलने के बाद रविवार दोपहर ही जवाहिरी पर ड्रोन स्ट्राइक की गई थी, जिसमें उसकी मौत हो गई। जवाहिरी ने 2011 में अल कायदा के संस्थापक ओसामा बिन लादेन के मारे जाने के बाद इस आतंकी संगठन की कमान संभाली थी। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक यह ड्रोन स्ट्राइक अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की स्पेशल टीम ने की। जवाहिरी अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार आने के बाद से ही काबुल में रह रहा था। वहीं अमेरिकी एक्शन पर तालिबान भड़क गया है और इसे दोहा समझौते का उल्लंघन बताया है। जवाहिरी की मौत पर दुनिया खामोश है। अमेरिका के ऐलान के बाद किसी देश ने दो दिन गुजर जाने के बाद कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इनमें भारत भी शामिल है।

#### 9/11 अटैक का आरोपी था अल जवाहिरी

11 सितंबर 2001 को 19 आतंकियों ने 4 कॉमर्शियल प्लेन हाइजैक कर अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर टकरा दिए थे। अमेरिका में इसे 9/11 अटैक के नाम से जाना जाता है। इस अटैक में 93 देशों के 2 हजार 977 लोग मारे गए थे। इस हमले में ओसामा बिन लादेन, अल जवाहिरी समेत अल कायदा के सभी टेररिस्टों को अमेरिकी जांच एजेंसी ने आरोपी बनाया था।

#### अप्रैल में जारी किया था अंतिम वीडियो

अल जवाहिरी ने इसी साल अप्रैल में 9 मिनट का एक वीडियो जारी किया था। वीडियो में उसने फ्रांस, मिस्र और हॉलैंड को इस्लाम विरोधी देश बताया था। वीडियो में जवाहिरी ने भारत में हिजाब विवाद को लेकर भी बेतुका बयान दिया था।

#### ढूंढकर मारा, ऑपरेशन कामयाब : बाइडेन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अल जवाहिरी के मारे जाने के बाद राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा- हमने जवाहिरी को ढूंढकर मार दिया है। अमेरिका और यहां के लोगों के लिए जो भी खतरा बनेगा, हम उसे नहीं छोड़ेंगे। हम आतंक पर अफगानिस्तान में अटैक जारी रखेंगे। बाइडेन ने पहले ट्वीट भी किया, शनिवार को मेरे निर्देश पर अमेरिका ने अफगानिस्तान के काबुल में हवाई हमला किया, जिसमें अल कायदा का अमीर अयमान अल जवाहिरी मारा गया। इंसाफ हो गया।

#### अमेरिकी हमले में 2 बार बच निकला था जवाहिरी

जवाहिरी को मारने के लिए अमेरिका इससे पहले भी कई बार कोशिश कर चुका था। 2001 में जवाहिरी के अफगानिस्तान के तोरा बोरा में छिपे होने की सूचना मिली थी। मगर, हमला होने से पहले जवाहिरी भाग निकला। हालांकि, इस हमले में उसकी बीवी और बच्चे मारे गए। वहीं 2006 में जवाहिरी को मारने के लिए अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने फिर से जाल बिछाया था। उस वक्त पाकिस्तान के दामदोला में उसके छिपे होने की सूचना मिली थी। मगर, मिसाइल हमला होने से पहले जवाहिरी वहां से भाग निकला था।

## 'लंपी' वायरस प्रभावित जिलों को 5-5 लाख तक फंड

### 3000 से ज्यादा गौवंश की मौत, सीएस ने जेनरिक के साथ ब्रांडेड दवा को दी मंजूरी

जयपुर

लंपी वायरस ने राजस्थान के 11 जिलों को चपेट में ले लिया है। 3 हजार से ज्यादा गौवंश इस बीमारी से दम तोड़ चुके हैं। छ्रस उषा शर्मा ने सचिवालय से सभी प्रभावित जिलों के कलेक्टर्स और पशुपालन विभाग के चिकित्सा अधिकारियों को कहा है बीमारी से निपटने के लिए जेनेरिक के साथ ब्रांडेड दवा भी खरीदी जा सकती हैं। प्रभावित जिलों के लिए 5-5 लाख रुपए का फंड रिलीज किया गया। बिगड़ते हालात के बीच मुख्य सचिव उषा शर्मा ने आनन-फानन में मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे इमरजेंसी बैठक बुलाई।

#### केंद्र की टीम राजस्थान में लगातार कर रही दौरा

एडिशनल डायरेक्टर (हेल्थ) डॉ. एनएम सिंह ने बताया कि केंद्र से आई टीम ने सोमवार को जोधपुर, नागौर का दौरा किया था। अब टीम गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जालोर, बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, सिरोही, राजसमंद भी जाएगी। डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद और गुजरात बॉर्डर से सटे जिलों में भी अलर्ट जारी किया गया है। भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी कर बकरियों को होने वाली माता से बचाव वाली 'गोट पॉक्स' वैक्सीन गौवंश को लगाने की सलाह दी है।

#### प्रभावित जिलों के कलेक्टर्स जुड़े

बैठक में पश्चिमी राजस्थान समेत प्रभावित जिलों के कलेक्टर्स, पशुपालन विभाग के सचिव पीसी किशन, एडिशनल डायरेक्टर हेल्थ एनएम सिंह, एडिशनल डायरेक्टर मॉनिटरिंग डॉ आनंद सेजरा और पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ मुख्य सचिव ने चर्चा की।



## डालर के मुकाबले रुपया बुरी तरह नहीं टूट रहा

### राज्यसभा में वित्त मंत्री ने कहा- भारतीय मुद्रा पर लगातार नजर रख रहा आरबीआई

नई दिल्ली।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि डालर के मुकाबले रुपया बुरी तरह नहीं टूट रहा है और वर्तमान में यह जिस स्तर पर यह है, वह एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। वित्त मंत्री ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस के विवेक तन्खा सहित विभिन्न सदस्यों के पूरक सवालों के जवाब में यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि आरबीआइ लगातार रुपये पर नजर रख रहा है और तेज उतार-चढ़ाव की स्थिति होने पर ही हस्तक्षेप करता है।

उन्होंने कहा, आरबीआइ भारतीय रुपये का मूल्य तय करने के लिए हस्तक्षेप नहीं करता और यह (रुपया) अपना रास्ता बनाने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि आरबीआइ द्वारा किए गए हस्तक्षेप भारतीय रुपये और डालर के बीच अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए अधिक है। वित्त मंत्री ने कहा, कई अन्य देशों की तरह भारत



अपनी मुद्रा को बहुत ऊंचे स्तर पर नहीं ले जा रहा है। इसलिए जिस तरह से हम इसे मजबूत करना चाहते हैं, उसके लिए आरबीआइ और मंत्रालय प्रयासरत हैं। जब कांग्रेस सदस्य ने पूरक प्रश्न पूछते हुए सुझाव दिया कि अनिवासी भारतीयों को विदेशी मुद्रा में राशि भारत भेजने की अनुमति दी जानी चाहिए। इस पर वित्त मंत्री ने कहा कि इस संबंध में उनका मंत्रालय कोई आश्वासन नहीं दे सकता। हालांकि वह आरबीआइ को इस सुझाव से अवगत करा सकती हैं।

#### रुपये का प्रदर्शन अन्य मुद्राओं की तुलना में बेहतर

सीतारमण ने कहा कि डालर के मुकाबले रुपये में अधिक उतार-चढ़ाव देखा गया है लेकिन रुपये का प्रदर्शन अन्य मुद्राओं की तुलना में बेहतर है। उन्होंने कहा कि रुपये ने अमेरिकी केंद्रीय बैंक के फैसलों के प्रभाव को किसी अन्य मुद्रा की तुलना में बेहतर तरीके से मुकाबला किया है। उन्होंने कहा कि वास्तव में रुपये की तुलना अन्य मुद्राओं से की जाए तो इसके मूल्य में वृद्धि हुई है। विदेशी मुद्रा भंडार कम होने पर उन्होंने कहा कि 22 जुलाई को यह 571.56 अरब डालर था और यह कोई छोटी राशि नहीं है।

## पीसीसी में तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादलों पर बोले मंत्री बीडी कल्ला, कहा- सब की अलग परेशानी होती हैं



**जयपुर।** शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने आज पीसीसी में जन सुनवाई की जहां मीडिया से बात करते हुए शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादलों पर रोक को लेकर भी बात की और कहा- सब की अलग परेशानी होती लंबे समय से मांग है. लेकिन इसकी पॉलिसी बनाई जा रही महीने से अधिक समय से समय निकल गया अब डिस्टर्ब करना ठीक नहीं पॉलिसी के लिए अन्य राज्यों का भी अध्ययन किया जा रहासाथ ही अंग्रेजी और हिंदी माध्यमिक स्कूलों की अलग-अलग ड्रेस के सवाल पर बोले कहा- राजस्थान में एक ड्रेस है हमने कोई निर्णय नहीं लिया.

## पेलोसी की यात्रा से भड़का चीन



अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी के ताइवान पहुंचते ही चीनी सेना ने लाइव-फायर अभ्यास की घोषणा कर दी। इसके अलावा चीनी पीएलए ने कहा है कि वह आज रात से ही ताइवान के आसपास मिसाइल अभ्यास शुरू कर देगी।

चीनी सेना ताइवान के दक्षिण पश्चिम और दक्षिण पूर्व के हिस्से में संयुक्त समुद्री-हवाई अभ्यास करेगी। इसके अलावा चीनी सेना ने कहा है कि वह 4 अगस्त से 7 अगस्त तक ताइवान के आसपास लाइव-फायर अभ्यास करेगी। पेलोसी मंगलवार की रात ताइवान पहुंचीं। इसके साथ ही वह स्वशासित द्वीप का दौरा करने वाली अमेरिका की सर्वोच्च अधिकारी बन गई हैं। पेलोसी की यात्रा से चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है। पेलोसी के आज रात ताइवान में रुकने की खबर है। वे कल ताइवान से रवाना होंगी। चीनी सेना पेलोसी के जाते ही ताइवान के बेहद करीब यह अभ्यास करने वाली है। उसने इसके लिए अन्य देशों को चेतावनी भी जारी की है।

## प्रदेश मे 300 नये कोरोना संक्रमित मामले सामने आये, 3 की मौत

जयपुर।

राजस्थान में कोरोना लगातार बढ़ रहा है। एक सप्ताह में दूसरी बार राज्य में कोरोना केस 300 आए है। मंगलवार को 2 जिलों में 3 मरीजों की मौत हुई है। जयपुर में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन 100 से ज्यादा केस मिले है। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा केस मंगलवार को जयपुर में 106 आए है। अलवर में 27, बीकानेर 24, दौसा 19, जोधपुर, उदयपुर में 16-16, जैसलमेर 15, भीलवाड़ा 12, नागौर 11, चूरू 9, कोटा 7, जालौर 6, सवाई माधोपुर, प्रतापगढ़, बाड़मेर में 5-5, झालावाड़, सीकर में 4-4, टोंक में 3, अजमेर 2 और सिरोही, डूंगरपुर, भरतपुर, बांसवाड़ा में एक-एक केस मिला है। इधर



गंगानगर में 2 और कोटा में एक मरीज की डेथ हुई है। राज्य में पिछले 24 घंटे में 217 मरीज रिकवर हुए है, जिसके बाद एक्टिव मरीजों की संख्या 2088 हो गई। सबसे ज्यादा 648 एक्टिव केस जयपुर में है।

राजस्थान में मंगलवार को कोरोना की पॉजिटिविटी रेट 4.43 फीसदी रही। जिलेवार स्थिति देखे तो बाड़मेर, भीलवाड़ा, चूरू, जैलसमेर, प्रतापगढ़ और टोंक जिलों में कोरोना की पॉजिटिविटी रेट 10 फीसदी से ऊपर रही।

## प्रदेश में तेज बारिश की चेतावनी

### टोंक में साढ़े 3 इंच बरसात, बीसलपुर डैम में आया पानी

जयपुर।

राजस्थान में पिछले 3-4 दिन से सुस्त पड़ा मानसून अब बुधवार से फिर से एक्टिव होगा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान पूर्वी राजस्थान के हिस्सों में तेज बारिश की संभावना है। भरतपुर, जयपुर, उदयपुर और कोटा संभाग के 13 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र जयपुर के मुताबिक अगले 24 घंटे के दौरान जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, राजसमंद, बूंदी, कोटा, झालावाड़, उदयपुर, प्रतापगढ़ जिलों में कहीं-कहीं मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। 3 से 6 अगस्त तक राज्य के अलग-अलग जिलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो बंगाल की खाड़ी से मानसूनी हवा एक बार फिर उत्तर-पश्चिमी की ओर आनी शुरू हो गई, जिससे मानसून एक्टिव होगा और अच्छी बरसात होगी।





#### बीसलपुर बांध में आया पानी

पिछले 24 घंटे में अलवर, भरतपुर और टोंक जिलों में बरसात हुई। बीसलपुर बांध के कैचमेंट एरिया में 2 इंच से ज्यसादा बरसात होने से बांध में 353 .15 क्यूसेक पानी की आवक हुई, जिससे बांध का गेज 310 .56 से बढ़कर 310 .61 आरएल मीटर पर पहुंच गया। इसके अलावा टोंक तहसील में साढ़े 3 इंच, अलवर के सिलीसेढ़ में 2 इंच से ज्यादा, बानसूर में डेढ़ इंच, भरतपुर के बयाना में 40एमएम बरसात रिकॉर्ड हुई।

#### अगस्त में 6% ज्यादा बारिश की संभावना

मौसम केन्द्र नई दिल्ली ने अगस्त का फोरकास्ट जारी किया है, जिसमें राजस्थान में इस महीने भी अच्छी बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने यहां सामान्य से 6 फीसदी तक ज्यादा बरसात होने की संभावना जताई है। राज्य में सबसे ज्यादा बरसात पूर्वी हिस्से में भरतपुर, जयपुर संभाग के भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, जयपुर, दौसा, अलवर में हो सकती है। दक्षिण हिस्से में जोधपुर, उदयपुर संभाग के जोधपुर, जालोर, पाली, उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ के कुछ हिस्सों में बारिश सामान्य रह सकती है।

## राज्यसभा चुनाव में 25 करोड़ ऑफर हुए : मंत्री गुढ़ा

### सरकार के सियासी संकट के समय 60 करोड़ दे रहे थे

जयपुर/ झुंझुनूं.

सैनिक कल्याण राज्य मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने एक बार फिर राज्यसभा चुनावों और सियासी संकट के समय विधायकों को करोड़ों रुपए देकर खरीद-फरोख्त का दावा किया है। गुढ़ा ने कहा- राज्यसभा चुनावों के समय एक वोट के बदले 25 करोड़ रुपए देने का ऑफर मिला। दो साल पहले कांग्रेस में बगावत के समय आए सियासी संकट के समय 60 करोड़ रुपए के ऑफर का दावा किया है। गुढ़ा ने किसी का नाम नहीं लिया।

गुढ़ा ने सोमवार को झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी में एक निजी स्कूल के बच्चों के सवालों का जवाब देते हुए कहा- जब पिछला राज्यसभा चुनाव हुआ तो उस वक्त मुझे 25 करोड़ का ऑफर था, केवल 25 करोड़ रुपए लेकर वोट किसी एक आदमी को दे दो। मैंने पत्नी से पूछा कि 25 करोड़ आ रहे हैं, एक वोट ही देना है। पत्नी ने कहा था कि हमें पैसे नहीं चाहिए, आपकी इज्जत खराब हो जाएगी।



उससे पहले जब सरकार में उठापटक शुरू हुई तब मेरे पास 60 करोड़ रुपए का ऑफर था। मेरा मन थोड़ा सा 60 करोड़ के अंदर लगा भी था। मेरे बेटे-बेटी और वाइफ ने कहा कि पैसा नहीं हमें इज्जत चाहिए। जब सारे बच्चे ऐसे सोचेंगे तो देश अपने आप ही ठीक हो जाएगा।

गुढ़ा लगातार मुखर होकर बयानबाजी कर रहे हैं। गुढ़ा खुद को कम महत्व का विभाग मिलने से नाराज हैं। बसपा छोड़कर कांग्रेस में आने वाले दो विधायकों को कुछ पद नहीं मिलने और वादे पूरे नहीं करने को लेकर नाराजगी जता चुके हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि गुढ़ा ने राज्यसभा चुनाव और सियासी संकट के समय उन्हें मिले ऑफर के बावजूद सरकार का साथ देने का एहसान गिनाया है। गुढ़ा इससे पहले यह भी कह चुके हैं कि बसपा से आने वाले विधायकों ने साथ नहीं दिया होता तो सरकार की बरसी मन चुकी होती। हालांकि सीएम गहलोत सरकार बचाने का क्रेडिट बसपा मूल के विधायकों, निर्दलियों, सीपीएम और बीटीपी विधायकों को देते आए हैं। गुढ़ा के बयान पर शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने कहा कि उनके साथ किसी ने इस तरह का ऑफर किया होगा, इसके बारे में तो वही बता सकते हैं। यह बात निश्चित है कि राजस्थान में हॉर्स ट्रेडिंग करने की कोशिश कई बार हो चुकी हैं। जो लोकतांत्रिक पद्धति में विश्वास रखता है, वह व्यक्ति उसकी निंदा करेगा।

## टेबल टेनिस में पुरुष और महिला लॉन बॉल्स टीम ने सोना जीता

बर्मिंघम।

कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने पांचवां गोल्ड जीत लिया है। भारत ने सिंगापुर को टेबल टेनिस में 3-1 से हराया। जी साथियान, हरमीत देसाई ने अपने-अपने सिंगल्स मैच जीते साथ ही साथ दोनों खिलाड़ियों ने बतौर जोड़ीदार डबल्स मुकाबला भी जीता। वेटलिफ्टिंग के मेंस 96 किलोग्राम कैटेगरी में भारत के विकास ठाकुर ने सिल्वर जीता है। इसी के साथ भारत के कॉमनवेल्थ 2022 में 12 मेडल हो गए हैं।



## सम्पादकीय

# बर्बादी के भंडार

ऐसे वक्त में जब सरकार खाद्यान्न की किल्लत से बचने और महंगाई से पार पाने के लिए कई अनाजों के निर्यात पर रोक लगा चुकी है, रखरखाव के अभाव में सैकड़ों टन अनाज के बर्बाद हो जाने की जानकारी स्वाभाविक ही विचलित करती है। सूचनाधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई एक जानकारी में खुलासा हुआ है कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान प्राकृतिक आपदा और रखरखाव ठीक न होने के कारण करीब सत्रह सौ टन अनाज बर्बाद हो गया। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतने अनाज से कितने परिवारों का कितने वक्त तक पेट भरा जा सकता था। इस वक्त जब देश की बहुसंख्य आबादी मुफ्त राशन पर निर्भर है, लापरवाही के चलते बर्बाद हो गया यह अनाज उनके कितना काम आता। मगर भारतीय खाद्य निगम की लंबी नींद की वजह से खाद्यान्न की सुरक्षा लगातार एक चुनौती बनी हुई है। हालांकि अनाज की यह बर्बादी कोई नई घटना नहीं है और न भारतीय खाद्य निगम ने जो आंकड़े दिए हैं, वह बहुत चौंकाने वाला है। बरसों से यह सिलसिला चला आ रहा है। हर साल अनाज के रखरखाव की व्यवस्था दुरुस्त करने के वादे दोहराए जाते हैं, मगर फिर नतीजा वही ढाक के तीन पात निकलता है।

अनेक अध्ययनों से जाहिर हो चुका है कि भारतीय खाद्य निगम के गोदामों की हालत खस्ता है। अनेक की छतों की मरम्मत तक समय पर नहीं हो पाती, जिसके चलते बरसात का पानी उनमें घुस जाता है। निगम ने सालों से नए गोदाम नहीं बनाए और निजी गोदामों को अनाज रखने का ठेका देता आ रहा है। यह भी हर साल का नजारा है कि फसल कटने के बाद भारतीय खाद्य निगम किसानों से अनाज तो खरीद लेता है, पर बोरियां उचित ढंग से रखने के बजाय उन्हें ढेरी बना कर जहां-तहां प्लास्टिक की चादरों से ढंक कर छोड़ दिया जाता है।

इस काम में भी इस कदर लापरवाही बरती जाती है कि बहुत सारा अनाज बेमौसम बरसात की वजह से भीग जाता है। देश में गोदामों की कमी को देखते हुए कई निजी कंपनियों ने इस कारोबार में अपने पांव पसारे हैं, जिन्हें सरकार से बड़े पैमाने पर ठेके मिलते हैं। मगर वे भी अनाज का समुचित भंडारण नहीं कर पातीं। इसके अलावा, समय पर सरकारी खरीद न हो पाने और बेमौसम बरसात, अंधड़ आदि के कारण किसानों का कितना अनाज बर्बाद चला जाता है, इसका कोई आंकड़ा नहीं है।

सरकार कृषि उत्पादन बढ़ने के आंकड़ों को लेकर खासी उत्साहित नजर आती है, मगर उसकी चिंता इस बात को लेकर कभी नहीं दिखती कि किस तरह फसलों को सुरक्षा प्रदान की जाए। लंबे समय से सुझाव दिए जा रहे हैं कि जगह-जगह शीतगृह और गोदामों का निर्माण होना चाहिए, ताकि किसान खुद भी जल्दी खराब हो सकने वाली फसलों को उनमें रख सकें और इस तरह खाद्यान्न, फलों और सब्जियों की बर्बादी को रोका जा सके।

मगर इस तरफ गंभीरता से ध्यान न दिए जा सकने का ही नतीजा है कि जब भी प्राकृतिक आपदा से किसी फसल को नुकसान पहुंचता है, बाजार में उसकी महंगाई बढ़ जाती है। ऐसे में सरकार के सामने प्याज, टमाटर जैसी चीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना भी चुनौतीपूर्ण काम हो जाता है। सरकार का संकल्प किसानों की आमदनी दोगुनी करने का है। मगर इस तरह फसलों का प्रबंधन ठीक किए बिना इस संकल्प को पूरा कर पाने में उसे कहां तक कामयाबी मिल पाएगी।

# अंतरिक्ष में खेती की तैयारी

**पिछली सदी से ही अंतरिक्ष में इंसानी बस्तियां बसाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। लेकिन इन्हें बसाने में सबसे बड़ी समस्या भोजन और स्वास्थ्य को लेकर आ रही है। इसलिए अंतरिक्ष में खेती को लेकर भी प्रयोगों का दौर खूब चल रहा है। अंतरिक्ष में जहां इंसान जिंदा नहीं रह सकता, वहां मूली और गेहूं की खेती जैसे महाप्रयोगों पर विचार चल रहा है। नासा के अलावा चीन ने भी इस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। उसने अंतरिक्ष में गेहूं की एक किस्म लुयुआन-502 को उगा कर साबित कर दिया है कि एक न एक दिन इंसान इस काम में भी कामयाबी हासिल कर ही लेगा। हालांकि इससे पहले नासा भी इस तरह के सफल प्रयोग कर चुका है। नासा के वैज्ञानिकों ने भी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में मूली उगाने में कामयाबी हासिल की थी। दरअसल, आज नासा के अलावा दूसरे देशों की अंतरिक्ष एजंसियां भी ब्रह्मांड की लंबी यात्रा की तैयारी में लगी हैं। इसके साथ ही ऐसे शोध भी चल रहे हैं जिसके तहत अंतरिक्ष यात्री लंबे समय तक चंद्रमा या अन्य ग्रहों पर रह सकें। पर इसमें सबसे बड़ी बाधा अंतरिक्ष यात्रियों के भोजन की व्यवस्था है।**

**अगर** चंद्रमा पर यात्रियों को लंबे समय तक रहना हो या मंगल ग्रह की यात्रा करनी हो, तो खाद्य सामान की समस्या का हल खोजना ही होगा। इसके लिए उन्हें बड़ी मात्रा में भोजन ले जाना होगा जो व्यावहारिक दृष्टि से संभव नहीं है। ऐसे में भोजन के खराब होने की संभावना भी बढ़ जाएगी। इसलिए अंतरिक्ष में ही भोजन की व्यवस्था करने के विकल्पों पर तेजी से काम चल रहा है। अंतरिक्ष में खेती इन्हीं से एक विकल्प है। अभी तक अंतरिक्ष यात्रियों को केवल थोड़े से समय के लिए ही अंतरिक्ष में भेजा जाता है, जो अपने लिए खाद्य सामग्री भी पृथ्वी से ही लेकर जाते हैं। लेकिन अगर चंद्रमा पर यात्रियों को लंबे समय तक रहना हो या मंगल की यात्रा करनी हो, तो खाद्य सामान की समस्या का हल खोजना ही होगा। इसके लिए उन्हें बड़ी मात्रा में भोजन ले जाना होगा, जो कि व्यावहारिक दृष्टि से संभव नहीं है। इसलिए अंतरिक्ष में ही भोजन की व्यवस्था करने के विकल्पों पर तेजी से काम चल रहा है। अंतरिक्ष में खेती इन्हीं से एक विकल्प है।

एक समस्या यह भी है कि लंबी अंतरिक्ष यात्राओं में यात्री एक या कुछ ही चीजों को लंबे समय तक नहीं खा सकते। इसके लिए उन्हें विभिन्न प्रकार के और ज्यादा भोजन की आवश्यकता होगी। उदाहरण के तौर पर, मंगल ग्रह पर पहुंचने में ही कई महीने लग जाएंगे। इसीलिए नासा ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में ही कई तरह की खाद्य सामग्री तैयार करने के प्रयोग शुरू किए हैं। हाल में मूली उगाने में सफलता मिली है। नासा चाहता है कि अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी के बाहर भी बेहद कम गुरुत्व में पौधे उगा सकें। नासा की अंतरिक्ष यात्री केट रूबिंस ने पिछले साल 30 नवंबर को पहली बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर मूली की फसल काटी थी। इस प्रयोग का नाम प्लांट हेबिटेट-02 रखा गया था। मूली को एक विशेष कक्ष (एडवांस्ड प्लांट हैबिटेट चैंबर) में उगाया गया था। इस कक्ष में एलईडी रोशनी और नियंत्रित खाद के साथ पानी, पोषण और आक्सीजन पौधे की जड़ों तक आसानी से पहुंच जाती है।

अंतरिक्ष में खेती के लिए मूली को इसलिए चुना गया क्योंकि वैज्ञानिकों को भरोसा था कि यह सत्ताईस दिन में पूरी तरह तैयार हो जाएगी। इसके अलावा, मूली पत्तेदार सब्जियों में एक अलग तरह की फसल होती है। हालांकि 2014 से 2016 के बीच वैज्ञानिक अंतरिक्ष में पत्ता गोभी भी उगा चुके हैं। पत्ता गोभी की फसल वहां पैंतीस से छप्पन दिनों में तैयार हुई थी। अंतरिक्ष में सामान ले जाना बड़ी समस्या है। इसलिए वैज्ञानिक यह कोशिश कर रहे हैं कि कैसे कम से कम मिट्टी में पौधे उगाए जा सकें। अगर अंतरिक्ष में खेती के प्रयोग कामयाब हो गए और जरूरत के हिसाब से खाद्य सामान और फल-सब्जियों का बंदोबस्त होने लगा तो अंतरिक्ष में बसने का सपना साकार होने में एक बड़ी अड़चन दूर हो जाएगी। अपने जीवन के पांच सौ घंटे अंतरिक्ष में बिता चुकीं जापान की एक अंतरिक्ष महिला यात्री और वैज्ञानिक चियाकी मुकाई का दावा है कि 2030 तक चंद्रमा पर बस्तियां बसाने का काम शुरू हो सकता है। मुकाई अपनी तीस सदस्यों वाली शोध टीम के साथ जापान की टोक्यो यूनिवर्सिटी आफ साइंस की प्रयोगशाला में अंतरिक्ष



कालोनी की परियोजना पर जी-जान से लगी हैं। उनकी टीम इस बात का अध्ययन कर रही है कि भविष्य में चंद्रमा और मंगल पर इंसान को जिंदा कैसे रखा जाएगा। चंद्रमा पर बस्ती बसाने के सिलसिले में मुकाई की टीम ने अंतरिक्ष में भोजन पैदा करने का तरीका खोजा है। इस कोशिश में एक खारे द्रव में हाई वोल्टेज बिजली सप्लाई कर तरल प्लाज्मा तैयार किया जाएगा। इसका इस्तेमाल भोजन के उत्पादन में किया जाएगा। इस नई तकनीक से आलू भी जल्द पैदा किए जा सकेंगे। यदि यह प्रयोग कामयाब हो जाता है तो किसी बड़े चमत्कार से कम नहीं होगा। दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन और दूसरी वजहों से कृषि पर दबाव बढ़ता जा रहा है। जाहिर है, बढ़ती आबादी के लिए भविष्य में खाद्यान्न का संकट खड़ा होना ही है। इसके स्पष्ट संकेत दिखने भी लगे हैं। ऐसे में इस चुनौती को देखते हुए अंतरिक्ष में फसलों का महत्त्व और बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं का मानना है कि अंतरिक्ष में खेती के सफल प्रयोग खाद्य संकट जैसी चुनौतियों से छुटकारा दिला सकते हैं। चीन 1987 से ऐसे प्रयोगों में जुटा है। स्पेस म्यूटेजेनेसिस तकनीक का लगातार उपयोग करने वाला वह दुनिया का अकेला देश है।

चीन ने फसल के बीजों को अंतरिक्ष में ले जाने के लिए दर्जनों अभियान चलाए हैं। चीनी वैज्ञानिकों ने 1990 के दशक में पहली अंतरिक्ष-नस्ल की फसल- 'यूजीओ 1' नामक मीठी मिर्च की एक किस्म उगाई थी। हाल के दशकों में चीन एक वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरा है। 2006 में उसने अपनी अब तक की सबसे बड़ी खेप ढाई सौ किलो से ज्यादा बीज और सूक्ष्मजीवों की एक सौ बावन प्रजातियों को शिजियान-8 उपग्रह के माध्यम से अंतरिक्ष में भेजा था। इसके अलावा पिछले कुछ सालों में घास, जौ, अल्फाल्फा और कवक की कई किस्मों सहित बारह हजार बीज भी अंतरिक्ष में भेजे थे, जो चीन के तियानहे अंतरिक्ष स्टेशन पर छह महीने बिताने के बाद वापस लाए गए। अंतरिक्ष में भेजे गए बीज सूक्ष्म गुरुत्व में रहते हैं जहां उन्हें बड़े पैमाने पर अंतरिक्ष के विकिरणों का सामना करना पड़ता है। यह पौधों के विकास की क्रिया को बहुत तेजी से गतिशील कर देते हैं जिसे हम अंतरिक्ष उत्परिवर्तन (स्पेस म्यूटेजेनेसिस) कहते हैं। हालांकि यह प्रयोग कुछ पौधों के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया, जबकि कुछ के लिए काफी लाभदायक रहा। इसका कारण यह है कि कुछ विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम हो जाते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

### वृषभ
आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

### मिथुन
नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा। अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे।

### कर्क
नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है। मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुंटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है।

### सिंह
आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है।

### कन्या
आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। शारीरिक थकान और मानसिक तनाव अधिक रहेगा। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।

### तुला
आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। इनकम में भी वृद्धि हो सकती है। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी।

### वृश्चिक
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी। मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी।

### धनु
आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी। गलत कामों से दूरी बनाए रखें।

### मकर
आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

### कुंभ
रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है।

### मीन
आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। आज आपके मनोबल और आत्मविश्वास में दृढ़ता का अनुभव होगा। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव और वाणी में उग्रता रह सकती है।

## व्यापार समाचार

# बैंक ऑफ इंडिया का पहली तिमाही का मुनाफा 22 प्रतिशत घटकर 561 करोड़ पर

नई दिल्ली।

बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) का एकल शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष (2023-23) की जून में समाप्त पहली तिमाही में 22 प्रतिशत घटकर 561 करोड़ रुपये पर आ गया। हालांकि, तिमाही के दौरान बैंक का डूबा कर्ज घटा है, लेकिन परिचालन खर्च ऊंचा रहने की वजह से उसके मुनाफे में कमी आई है। बैंक ने मंगलवार को शेयर बाजारों को यह सूचना दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही




में बैंक ने 720 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। मार्च तिमाही की तुलना में भी बैंक का शुद्ध लाभ 7.4 प्रतिशत कम रहा है। बीओआई की कुल आय भी अप्रैल-जून तिमाही में घटकर 11,124.36 करोड़ रुपये रह गई। एक साल पहले की समान तिमाही में बैंक की आय 11,641.37 करोड़ रुपये थी। आलोच्य तिमाही में बैंक का परिचालन खर्च 12 प्रतिशत बढ़कर 3,041 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले समान तिमाही में यह 2,715 करोड़ रुपये रहा था। एकीकृत आधार पर, जून तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत गिरकर 657.62 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 735.37 करोड़ रुपये रहा था।

# ईडी ने 51.69 करोड़ रुपये की 67 पवन-चक्कियों को किया जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने चेन्नई की कंपनी सुराना ग्रुप के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में 51 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 67 पवन-चक्कियों को जब्त किया है। ईडी ने इन पवन-चक्कियों की जब्ती के लिए धनशोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुरुआती आदेश जारी किया है। इन पवन-चक्कियों का संचालन करने वाली कंपनी पर 3,986 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी में शामिल होने के आरोप हैं। जांच एजेंसी ने इस कंपनी के खिलाफ जब्ती की कार्रवाई एक पड़ताल में यह सामने आने के बाद की है कि सुराना ग्रुप की 67 पवन-चक्कियों को बकाया वसूली के लिए बैंकों द्वारा नीलाम किए जाने के बाद एक बेनामी कंपनी के नाम पर फिर से खरीद लिया गया था।







# ग्रामीण क्षेत्रो में धीरे-धीरे पाँव पसार रहा लम्पी वायरस



श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** गुजरात से आया लम्पी वायरस धीरे-धीरे ग्रामीण क्षेत्रो के पशुओं में भी फैल रहा है। अब तक इस बीमारी का कोई टीका नहीं बना है। आईवीआरआई इसकी वैक्सीन बनाने को लेकर शौध प्रक्रिया जारी है। गौभक्त भंवरसिंह सोलंकी जो सत् गोपाल चिकित्सालय कस्बे में चला रहा है। उसने बताया कि बाईपास हाईवे पर एक लावारिस गाय को देखी। जो लम्पी वायरस से संक्रमित थी। उस गाय को गौ चिकित्सालय लेकर आया। उसे अन्य गायो से अलग रखा गया है। लम्पी स्किन डिजीज, एस्पेटीकोर, स्किन कोर, एक्टीनोवेब आदि दवा दी जा रही है। गौशाला अध्यक्ष प्रकाशचंद गंगवाल ने बताया कि इस समय तो गौशाला की गायो में तो किसी प्रकार का संक्रमण नहीं है। मीठड़ी पशु चिकित्सालय के चिकित्सक डॉक्टर निरंजन सिंह ने बताया कि पिछले दो दिन से गौशाला व अन्य पशु पालको से सर्वे किया गया है। जिसमें कोई पशुधन संक्रमित नहीं मिला है। वही पशुपालको को हिदायत दी गई है कि कोई भी पशु संक्रमित नजर आए तो तुरंत पशु चिकित्सालय स्टाफ को सूचित करे। साथ ही संक्रमित पशु को अलग से घर ही बांध कर रखे। वही खाने पीने की भी अलग व्यवस्था करे, जिससे अन्य पशुओं में यह वायरस न फैले। डॉक्टर सिंह ने पशु पलको से अनुरोध किया कि इस समय पशुओ को खुला नहीं छोड़े क्योंकि पशुओं के साथ रहने व एक जगह पर पानी से यह रोग फैलने की आंशका ज्यादा रहती है।

# ग्रामीण विकास को ठप करने वाली कार्यशैली के खिलाफ सरपंच संघ ने किया जयपुर कूच

धनसुख सैनी

**जिलिया( नागौर डेली )।** राजस्थान सरकार के पंचायती राज मंत्री की आमजन के हितो से खिलवाड़ एवं ग्रामीण विकास को ठप करने वाली कार्यशैली के खिलाफ व राज्य मंत्री मीणा को हटवाने की मांग को लेकर मंगलवार को पंचायत समिति मौलासर से प्रदेश सचिव सरपंच संघ हनुमान चौधरी की टीम मौलासर से जयपुर महापड़ाव के लिये रवाना हुई। 5 अगस्त को होने वाले महापड़ाव में गाँवों की सरकार राजधानी का घेराव के लिये आज हुंकार भर ली है। मंत्री रमेश मीणा को बर्खास्त करने ओर सरपंच संघ के साथ पूर्व में सरकार के किये गये वादों को जब तक पूरा नहीं किया जायेगा तब तक ये आंदोलन जारी रहेगा। प्रदेश सचिव सरपंच संघ राजस्थान हनुमान चौधरी ने बताया कि मंगलवार को पंचायत समिति डीडवाना व मौलासर दोनो पंचायत समितियों के सरपंचों ने मिलकर जयपुर किया।



**इन सरपंचों ने किया जयपुर कूच :** इस दौरान नागौर ज़िला संरक्षक भागीरथ यादव, धनकोली सरपंच प्रतिनिधि मुस्ताक खां, नागौर सरपंच संघ उपाध्यक्ष जोगेंद्र बलारा, डसाणा सरपंच त्रिलोक सिंह, अलखपुरा सरपंच श्रवण बिजारणियां (पं. स. अध्यक्ष), बरड़वा सरपंच प्रतिनिधि धरमपाल, बेड़वा सरपंच गोविंद सिंह, छापरी सरपंच प्रतिनिधि अजीतसिंह, डाबड़ा सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप, आजडोली सरपंच प्रतिनिधि रणवीर, कोलिया सरपंच कुशाल धेतरवाल, निम्बी सरपंच प्रसन्न खां, बालिया सरपंच वसीम खां, सिंगरावट सरपंच मंगेज सिंह, पीडवा सरपंच पूर्णाराम, मामड़ोदा सरपंच कैलाश पांडर, सरपंच बेरी जतनपुरा इकबाल खान भोमिया, सरपंच रामसाबास नवाज शरीफ, दाऊदसर सरपंच शौकत खां, सिंघाना सरपंच लाल गोदारा, छापरी सरपंच भंवरु खां, बेगसर सरपंच दुर्ग सिंह, खाखोली सरपंच गिरधारीलाल, दौलतपुरा सरपंच राजू, सरपंच प्रतिनिधि सानियां कैलाश, दिनदारपुरा सरपंच नाथूराम सोडा व अन्य सरपंच उपस्थित रहे।

# पांचौड़ी में भीम रुदन यात्रा का आयोजन 5 अगस्त को

हुकमाराम ताडा

**खींवसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खींवसर कस्बे के पांचौडी थाना क्षेत्र मे 5 अगस्त को भीम रुदन यात्रा को लेकर समाज मे व्याप्त कई प्रकार के अहम मुद्दो पर एक विशाल आयोजन होगा। कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को विशेष अहम बैठक का आयोजन हुआ। समिति की बैठक मेहरा मार्केट पांचौड़ी में मदन मेघवाल की अध्यक्षता में की गई।

5 अगस्त को सांय 6 बजे आयोजित होने वाली सामाजिक चिंतन सभा हेतु की गई है। बैठक में समिति के सदस्यों ने बताया कि भारत को आजाद हुये 75 वर्ष पूरे हो रहे है तथा वर्ष-2047 में देश की आजादी के 100 साल पूरे होगें। इतने लंबे समय के अंतराल के बाद भी देश में मानवीय 'छूआछूत' आज भी अपने चरम पर है।

समिति के कोषाध्यक्ष भंवरलाल कटारिया ने बताया कि प्रख्यात मानवाधिकार कार्यकर्ता मार्टिन भाई मैकवान(गुजरात)के नेतृत्व में दुनिया का सबसे बड़ा 1111 किलोग्राम पीतल का सिक्का जिस पर समानता का संदेश देने वाले महात्मा बुद्ध एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र उकेरे गये है तथा छूआछूत मुक्त भारत बनाने का वर्ष 1947 का सपना 2047 में साकार होगा ? का संदेश लिखा गया है।

# प्रदेश में बेरोजगारी व अपराध का ग्राफ बढ़ा : पुनिया

## गोरा निवास पर प्रेस से रूबरू हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष



इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ )।** प्रदेश में किसान व रोजगार की हालत बहुत चिंताजनक है। बेरोजगारी व अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। यह बात राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित प्रधान गोरा निवास पर प्रेस से रूबरू होते हुए राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष सतीश पूनियां ने आमजन में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक डूबता जहाज है, जिसे देश की जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है। वह जयपुर से खींवसर जाते समय कुछ देर के लिए पादूकलां में प्रधान उगमादेवी गौरा के निवास पर कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। पूनियां ने कहा कि प्रदेश के तीन साल के कार्यकाल में कांग्रेस की गहलोत सरकार फेल साबित हुई है। पूनियां ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर फीडबैक लिया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष माधूराम चौधरी ने कहा कि भाजपा को सत्ता में लाने के लिए कार्यकर्ता अभी से तैयारियों में जुट जाए। किसान मोर्चा नागौर शहर जिलाध्यक्ष मदनराम गौरा ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पीएम आवास योजना, उज्वला योजना, जनधन खाते तमाम योजनाओं का लाभ हर क्षेत्र को मिला है। गौरा ने कहा कि कांग्रेस में वंशवाद और परिवारवाद पनपा है। इस दौरान मेड़ता पूर्व विधायक सुखाराम नेतड़िया, उप जिला प्रमुख नागौर शोभाराम जयपाल, पूर्व प्रधान मोतीराम बेड़ा, जिला परिषद सदस्य हीरालाल, जगवीर छाबा, अमरचंद जाजड़ा, ओमप्रकाश देवासी, जोगीराम ज्याणी, किसान मोर्चा रियांबड़ी मडंल अध्यक्ष पपुराम आंवला, रियांबड़ी सरपंच गिरधारीलाल माली, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष कानसिंह शेखावत, कैलाशचंद सोनी, चैनाराम दग्दी, भीखराम माली , बलदेवराम, खींयाराम लौरा, बबलू सैन,जगदीश मेहरा, टीकम वैष्णव, सुखवीर सिंह, श्याम सुंदर दाधीच सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संस्था प्रधान होता है विद्यालय की महत्वपूर्ण धुरी : शिवपाल जाट



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** परबतसर में मंगलवार को संस्था प्रधानों की सत्र प्रारम्भ वाकपीठ संगोष्ठी का आयोजन सीमा मेमोरियल विद्यापीठ में रॉयल सैनिक स्कूल के तत्वावधान में आयोजित हुआ।

संगोष्ठी में उपखंड अधिकारी परबतसर शिवपाल जाट, अध्यक्षता सुरेशचंद्र व्यास पूर्व उप निदेशक, विशिष्ट अतिथि राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, सीबीईओ हुकमाराम लैगा, एसीबीईओ हरलाल सिंह कालेर, रॉयल सैनिक स्कूल के निदेशक द्रगपाल सिंह रलावता, पूर्व अध्यापक गोविंद राम प्रजापत वाकपीठ के उद्घाटन सत्र के हिस्सा रहे। उपखंड अधिकारी शिवपाल जाट संस्था प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों का व्यावसायिक उन्नयन करने में संस्था प्रधानों की वाकपीठ संगोष्टी का अत्यधिक महत्व है साथ ही शिक्षकों को मनोवैज्ञानिक तथ्यों को जानकर विद्यार्थियों तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए। सभी संस्था प्रधानो को विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाएं भी पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त उपनिदेशक सुरेश चंद्र व्यास ने बताया कि शिक्षकों में स्वाध्याय की आदत विकसित की जानी चाहिए ।

शिक्षक आजीवन सीखने और सिखाने की प्रक्रिया में शामिल होना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक सीबीईओ हुकमाराम लेगा ने विभाग की महत्वपूर्ण प्रक्रिया प्रवेशोत्सव, नामांकन अभिवृद्धि व अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी तथा संस्था प्रधान स्वयं विद्यालयों के कार्यों की मॉनिटरिंग करें।

# सैन्य सम्मान के साथ सैनिक की अंत्येष्टि

## डोटोलाई के जवान का पुणे में हुआ था निधन

### अंतिम विदाई के दौरान देश भक्ति के जयघोष से गुंजा गांव

एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी उपखंड क्षेत्र के डोटोलाई गांव निवासी भारतीय सेना के 27 साल के जवान रामगोपाल जाखड़ का पुणे में निधन हो जाने के बाद मंगलवार को गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। इस दौरान पूरा कस्बा देश भक्ति के जयघोष से गूंज उठा। पूर्व केंद्रीय मंत्री सी आर चौधरी, मेड़ता विधायक इंदिरा बावरी सहित बीकानेर से यहां पहुंची सेना की एक टुकड़ी के जवानों ने रामगोपाल जाखड़ को पुष्प चक्र भेंटकर अंतिम विदाई दी। रामगोपाल जाखड़ आरमंड बटालियन में कार्यरत थे। उनका पुणे के आर्मी अस्पताल में इलाज चल रहा था। रविवार शाम को बीमारी की वजह से उनका निधन हो गया था। गोपाल का पार्थिव देह सोमवार को सेना के विशेष विमान से दिल्ली पहुंचा था, तथा वहां से सड़क मार्ग द्वारा उनके पैतृक गांव लाया गया। पार्थिव देह के गांव डोटोलाई पहुंचते ही मौजूद लोगों सहित परिवार जनों की आंखें भर आईं। इस दौरान युवाओं ने शहीद रामगोपाल अमर रहे के नारे लगाए। पार्थिव देह के अंतिम दर्शन के बाद अंतिम यात्रा देवला रोड स्थित खेत में पहुंची। इस दौरान बीकानेर से मेजर पुनित बगोली के नेतृत्व में आई सेना की टुकड़ी के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सैन्य सम्मान दिया।

### 5 साल के बेटे ने दी मुखाग्नि

पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी, मेड़तासिटी विधायक इंदिरा बावरी, पूर्व विधायक अजय सिंह किलक, पूर्व प्रधान प्रताप बग्गड़, सैनिक के पिता जगदीश जाखड़ सहित परिजनों व लोगों ने पुष्प चक्र अर्पित किए। इसके बाद सैनिक के 5 वर्षीय पुत्र दिव्यांशु ने मुखाग्नि दी। इस दौरान मेड़ता एसडीएम अरुण कुमार, तहसीलदार भागीरथ चौधरी,



नागौर सैनिक कल्याण बोर्ड से रिछपाल सिंह, सिरासणा सरपंच महादेव भंवाल, धांधलास सरपंच सरजू देवी छरंग, रघुनाथ छरंग, शिवदयाल लटियाल, अजमेर सीआई भूराराम खिलेरी, पादु कलां थाना अधिकारी सुमन, आर के झींझा,नरसाराम सांगवा , देवकरण कमेडिया, रामनिवास जाखड़, भागूराम कड़वासरा, फौजी बिरमा राम तथा अनील धेतरवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# ओरण भूमि में बने मकानों के पट्टे जारी करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

## प्रशासन शहरों के संग शिविर में 15 लाभर्थियों को वितरित किए पट्टे

रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रशासन शहरों के संग अभियान अन्तर्गत आयोजित शिविर में जायल नगरपालिका के वार्ड संख्या 20 से 22 तक का शिविर मंगलवार को मालियों की ढाणी स्तिथ बाबा रामदेव मन्दिर के पास आयोजित हुआ। शिविर की अध्यक्षता विधायक डॉ. मंजू देवी मेघवाल द्वारा की गई। शिविर में अधिशासी अधिकारी शिवराज कृष्णा ने प्रशासन शहरो के संग अभियान में राज्य सरकार द्वारा दी गयी छूट का फायदा उठाने हेतु



आमजन से अधिक से अधिक पट्टा बनवाने की अपील की गई।

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी सुनील कुमार, नगरपालिका अध्यक्ष जगदीश कड़वासरा, प्रधान प्रतिनिधि महावीर गोदारा, आरआई पूनमचंद, मोहनलाल पाराशर, मनमोहन, जगदीश सैनी, किशनलाल, रुघनाथ चारण, अशोक मांजू, ओमप्रकाश व्यास, गिरधारी सेन, दिनेश विश्नोई, धन्नाराम सोलंकी, नानूराम सोलंकी, चेनाराम, दिनेश, हनुमान राम आदि नागरिकगण ओर पार्षद मौजूद रहे।

**वार्डवासियों ने शिविर का किया बहिष्कार :** ओरण भूमि जमीन में पट्टा दिलवाने की मांग को लेकर वार्ड वासियो द्वारा शिविर का बहिष्कार किया गया। नगरपालिका क्षेत्र में वर्षो बाद भी जमीन का मालिकाना हक नहीं मिलने से नाराज 20 ओर 21 वार्ड के लोगो ने प्रशासन शहरों के संग अभियान का बहिष्कार कर शिविर स्थल के सामने 2 घण्टे तक धरने पर बैठकर विरोध किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में मालियों की ढाणी स्तिथ वार्ड 20 ओर 21 में पिछले 70 सालों से जमीन के पट्टे नहीं मिल पाये।

बार-बार प्रशासन से मांग करने के बावजूद ओरण भूमि में पट्टे जारी नही किये जा रहे है जिसके चलते शिविर का बहिष्कार किया। शिविर स्थल पर विधायक डॉ मंजू देवी मेघवाल के आश्वासन के बाद शिविर सुचारू रूप से शुरू हुआ।

# भागवत कथा में रुक्मणी विवाह व महारास की लीला का हुआ मंचन



हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे में चल रही भागवत कथा के छठे दिन के समापन पर महाराज गोविन्द शरण महाराज ने भागवत कथा में कृष्ण रुक्मणी विवाह व भगवान श्री कृष्ण के द्वारा संपन्न महारास लीला का वृत्तांत सुनाया। महाराज श्री ने बताया कि कैसे भगवान् शिव भी गोपी का रूप बनाकर कृष्ण की रासलीला में शामिल हुए। भगवान् हमेशा भक्त के वश में होता है। भक्त के प्रेम रूपी बंधन में भगवान को आना ही पड़ता है। कथा के समापन पर आरती के बाद प्रसाद वितरण कैलाश जांगिड़ ,पवन सोनी (रानी-फालना) दोनों की तरफ से किया गया। आयोजन के इस अवसर पर सूरजमल कुमावत, शिव कुमार महर्षि, आर.के. माली, राजेंद्र सोनी, ओम प्रजापत, लोकेश महर्षि, रवि गौड़, कपिल जांगिड़, भरत सोनी, अभिषेक गौड़, भागचंद् फुलवारी, अमित ओझा, सोहन मेहरा, सूरजमल खींची, कन्हैया साउंड, रामनिवास अग्रवाल सहित कई पुरुष व् महिला श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 50 पौधे लगाकर ली सार-संभाल की जिम्मेदारी



## महिला बाल विकास परियोजना मारवाड़ मूंडवा में आयोजित हुआ पौधारोपण कार्यक्रम

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** महिला बाल विकास परियोजना मारवाड़ मूंडवा में मंगलवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजित हुआ, जिसमें सीडीपीओ मिंटू चौधरी ने बताया कि 50 प्रकार के पौधे लगाए गए। इसमें फलदार छायादार और पुष्पों के पौधे सम्मिलित हैं। इस कार्यक्रम में सीडीपीओ, सुपरवाइजर व आसपास के कार्यकर्ता, साहिका, साथिन व सीडीपीओ ऑफिस के स्टाफ मौजूद रहे। वृक्षों को हमेशा पानी पिलाने वे उनकी सुरक्षा का भी संकल्प लिया गया।

चारों तरफ जाली बनाई गई और इन पौधों को बड़े होने तक देखरेख करने का भी संकल्प लिया गया। इस दौरान मूंडवा सीडीपीओ मिंटू चौधरी, चावंडदान, राधेश्याम कांगसिया, कौशल्या, दिनेश इनानिया, अब्दुल रहमान, सरिता,ज्ञान सिंह, अखराज सेन, एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा सहयोगिनी मौजूद रही।

# स्काउट गाइड संघ मारवाड़ मूंडवा का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ मारवाड़ मूंडवा का मंगलवार को वार्षिक अधिवेशन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मूंडवा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीईओ राजेंद्र शर्मा, सीओ स्काउट असपाक पंवार, सीबीईओ गिरधर प्रसाद शर्मा एवं स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुप शेखावत ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर अधिवेशन का शुभारंभ किया। स्काउट परंपरा के अनुसार सभी अतिथियों का स्वागत स्कार्फ पहनाकर किया। सचिव द्वारा गत वर्ष के प्रतिवेदन का वाचन किया एवं स्थानीय संघ के द्वारा आयोजित गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। कोषाध्यक्ष तिवारी ने गत वर्ष का आय व्यय प्रस्तुत किया।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ओडिटर की नियुक्ति की गई। एवं 2022-23 का प्रस्तावित आय व्यय अनुमोदित करवाया गया। इस अवसर पर स्काउटर दिनेश कुमार मुण्डेल ने वार्षिक कार्यक्रम का कलेण्डर सदन के समक्ष पारित करवाने हेतु रखा।

# बेटों के बैंगलोर से कुचामन पहुंचने पर हुई मृतका की अंत्येष्टि

## पार्षद जवानराम मोहनपुरिया, शंकरलाल मोहनपुरिया, भरत मोहनपुरिया व कानाराम वाल्मीकी ने की अंत्येष्टि में मदद, हुई सराहना

सद्दाम रंगेरज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के रैगरों के मोहल्ले में शनिवार को एक घर से मिले वृद्धा के शव की 5 दिन बाद अत्येष्टि हो सकी।

मंगलवार को वृद्धा के दोनों पुत्र पिंटू एवं राजू बैंगलोर से कुचामनसिटी पहुंचे। इसके बाद रैगर मोहल्ले के समाजसेवी पार्षद जवानाराम मोहनपुरिया व पार्षद प्रतिनिधि शंकरलाल मोहनपुरिया,



समाजसेवी भरत कुमार मोहनपुरिया तथा एम्बूलेंस ड्राइवर कानाराम धेनवाल वाल्मीकी ने अपना सामाजिक सरोकार निभाते हुए मृतका के बेटों के साथ मिलकर पूरे विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार किया। गौरतलब है कि वृद्धा लक्ष्मी बाई पत्नी रामूराम जाति जाट उम्र 50 वर्ष का शव शनिवार को कुचामनसिटी में सीकर बस स्टैण्ड पर गंगामाई मंदिर के सामने रैगर बस्ती में अपने किराये के मकान में मिला था। महिला का देहान्त शव मिलने के दो दिन पूर्व ही हो गया था परन्तु अकेली रहने के कारण पता नहीं चल सका।

इसके बाद पड़ौसियों द्वारा सूचना देने पर बिजनेस के सिलसिले से बैंगलोर रह रहे वृद्धा के दोनों पुत्र कुचामन पहुंचे। अन्त्येष्टी में सहयोग करने पर पार्षद जवानराम मोहनपुरिया, पार्षद प्रतिनिधि शंकरलाल मोहनपुरिया व समाजसेवी भरत कुमार मोहनपुरिया तथा एंबुलेंस ड्राइवर कानाराम धेनवाल वाल्मीकि की लोगो ने तारीफ की।

# नगरपालिका ईओ रिश्वत लेते रंगे हाथों ट्रेप

## अजमेर एसबी टीम की लाडनूं में कार्रवाई



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूँ में अजमेर की एंटीकरप्शन टीम ने मंगलवार को बड़ा धमाका किया। यहां नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी मघराज डूडी को एसीबी की टीम ने घूस लेते हुए रंगे हाथों ट्रेप किया है। परिवादी पार्षद राजेश भोजक ने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान में उन्होंने अपनी मां के नाम से घर का पट्टा बनवाने के लिए आवेदन किया जिसके एवज में उनसे 20 हजार रुपये की राशि की मांग की गई। परिवादी की शिकायत के आधार पर नगरपालिका उनके क्वार्टर पर अजमेर एडिशनल एसपी राकेश वर्मा के नेतृत्व में पहुंची एसीबी की टीम ने रिश्वत की राशि के साथ ई.ओ. मघराज डूडी को रंगे हाथों ट्रेप कर लिया। वंही मौके पर मौजूद दो अन्य साथियों को भी हिरासत में लेकर उनसे लाडनूँ पुलिस थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।

### टीम ने नगरपालिका में पट्टों से जुड़ी पत्रावलियां खंगाली

अजमेर एसीबी टीम ने लाडनूँ में अधिशाषी अधिकारी के ट्रैप की कार्रवाई के बाद नगरपालिका कार्यालय जाकर कई दस्तावेज अपने कब्जे में लिए हैं। एसीबी एएसपी राकेश वर्मा ने बताया कि परिवादी पार्षद राजेश भोजक ने परिवाद पेश कर बताया कि उनकी मां के नाम घर का पट्टा बनवाने के लिए नगरपालिका में आवेदन किया था जिसके एवज में ईओ मघराज डूडी ने उनसे 20 हजार रुपये देने की डिमांड की थी। उसी के अनुरूप उन्हें नगद राशि के क्वार्टर से साथ ट्रेप गिरफ्तार किया गया। इसके बाद टीम ने नगरपालिका जाकर वहां से पट्टों से जुड़ी पत्रवालियाँ जब्त कर मामले की गहन जांच शुरू की।

# दो नाबालिगो का अपहरण करने वाले आरोपी इंदौर से दबोचे, जेल भेजा

## थांवला थाना पुलिस ने दिखाई तत्परता



लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज ) :** समीपवर्ती एक गांव से दो नाबालिग बालिकाओं का अपहरण करने वाले आरोपियों को पुलिस ने मध्यप्रदेश के इंदौर से गिरफ्तार किया हैं। थांवला थाना पुलिस ने अपहरण एवं पोक्सो एक्ट के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को धर दबोचा। थानाधिकारी हीरालाल ने बताया कि गत 1 जून को परिवादी ने रिपोर्ट दी थी। आरोपी दोनों नाबालिग बालिकाओं को बहला फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गए थे। एसपी राममूर्ति जोशी के सुपरविजन एवं एएसपी राजेश मीना, डिप्टी नंदलाल सैनी के निर्देशन मेंमें एसएचओ हीरालाल ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी सुशील पुत्र नोरत बावरी एवं सुरेश पुत्र रामनिवास बावरी को इंदौर मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया। दोनो अपहृत नाबालिग बालिकाओं को भी दस्तयाब किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहाँ से उनको जेल भेज दिया गया।

# भाविप का सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** मंगलवार को चांदारुण गांव स्थित बाबा श्याम मंदिर परिसर में भारत विकास परिषद शाखा डेगाना के अध्यक्ष डॉ. आर.के. चौधरी के नेतृत्व में समस्त दायित्वधारियों व सदस्यों के द्वारा पौधारोपण किया गया। बाबा श्याम मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद हेड़ा, महावीर सिंह चान्दारूण व मंदिर के पुजारों तथा सेवकों ने परिषद के सदस्यों का ऊपरणा पहनाकर स्वागत किया तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गऐ इस कार्यक्रम की सराहना की। इस मौके पर भाविप के अध्यक्ष डॉ. आर.के. चौधरी, संरक्षक डॉ. एस.एन. माहेश्वरी, सचिव भानुप्रकाश टाक, कोषाध्यक्ष श्रीकिशन जांगू, संपर्क प्रभारी माणकचंद तोषनीवाल, पूर्व अध्यक्ष रमेश तापड़िया, करणसिंह मिर्गानणी, रवीन्द्र, ओमप्रकाश टेलर, छोटूराम टेलर, केदार गिलड़ा, कृष्ण कुमार करवा, शिवप्रसाद, मनोज मित्तल, पिंटू व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 180 नेत्र रोगियों की जांच कर 33 का ऑपरेशन के लिए किया चयन

### मुस्लिम एजुकेशनल व छीपा रहमानिया सोसायटी के सौजन्य से आयोजित जिला अन्धता निवारण चिकित्सा शिविर

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मुस्लिम एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में छीपा रहमानिया मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के सौजन्य से जिला अन्धता निवारण समिति नागौर एवं एमआरएस कुचामनसिटी के सहयोग से राजकीय चिकित्सालय में आयोजित नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ भामाशाह हाजी अब्दुल हमीद मौलानी, चिकित्सालय पी.एम.ओ.डॉ प्रहलाद बाजिया, डॉ लुकमान खान, लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष राम काबरा ने किया। मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी सेक्रेट्री अकीक अहमद ने बताया कि शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. लुकमान खान की टीम ने 180 रोगियों की जॉच कर ऑपरेशन के लिए 33 रोगियों का चयन किया चयनित रोगियों का बुधवार को लैन्स प्रत्यारोपण ऑपरेशन किये जायेंगे। सोसायटी के सदर मोहम्मद शकील ने बताया कि शिविर की व्यवस्था में मोहम्मद हबीब मौलानी, डॉक्टर प्रदीप कुमार, नर्सिंग ऑफिसर जाकिर हुसैन, नैत्र सहायक सुमन कुमावत, केवलचंद, मुरलीधर शर्मा, आरीफ भाटी आनंद कुमार, वार्ड वॉय नेमीचन्द सोनी मानवाधिकार सुरक्षा परिषद व न्यायीक मंच नागौर जिला अध्यक्ष मुन्नालाल काछवाल, मोनिका प्रजापत, लियाकत अली टाक, जावेद कलाल आदि का सहयोग रहा।

# काबरा अध्यक्ष, काला सचिव व अग्रवाल कोषाध्यक्ष नियुक्त




सद्दाम रंगरेज

**कुचामननसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के नागौर जिलाध्यक्ष सुशील अग्रवाल ने कुचामन तहसील इकाई का पुनर्गठन करते हुए राम काबरा को अध्यक्ष, अशोक काला को सचिव एवं परमानंद अग्रवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त कर शेष कार्यकारिणी शीघ्र गठित करने की जिम्मेदारी दी। सुशील अग्रवाल ने कहा जिले की सभी तहसील इकाइयों का पुनर्गठन किया जा रहा है। इस क्रम में कुचामन इकाई के वर्तमान पदाधिकारियों की सक्रियता को देखते हुए इन्हें आगामी दो वर्षों के लिए फिर से मनोनीत किया गया है। राम काबरा ने कहा वैश्य समाज के युवाओं को समाज की गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा जाएगा ताकि समाजहित में अधिक से अधिक कार्य किये जा सकें। इस अवसर जिला कार्यकारिणी के गिरधर अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल एवं स्थानीय संगठन के गोरधन सोमानी, सुभाष पहाड़िया, मुरलीमनोहर स्नेही, प्रदीप काला, मुरलीधर गोयल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# खिलाड़ियों के साथ किया गया अभद्र व्यवहार निन्दनीय : मुकेश कुकणा

## नागौर जिला मुख्यालय पर आयोजित राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का मामला

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिला मुख्यालय पर आयोजित 12 जिला स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामोथान विद्यापीठ में जिला राइफल संघ के तत्वावधान में 1 अगसत व 2 अगसत को 10 मीटर एयर राइफल व 10 मीटर एयर पिस्टल का आयोजन किया जा रहा है। खिलाड़ियों ने बताया की बिना पूर्व सूचना व नोटिफिकेशन के प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। मेड़ता व कुचामनसिटी के खिलाड़ी अखबार की सूचना के आधार पर जब प्रतियोगिता स्थल पहुंचे तो वहां पर उपस्थित संघ संयुक्त सचिव मदनलाल मिर्धा ने खिलाड़ियों को प्रवेश नहीं दिया व अभद्र व्यवहार किया तथा पुलिस का डर दिखाकर खिलाड़ियों को धमकाया गया तथा वहां पर किसी प्रकार के खेल नियमों की पालना नहीं हो रही थी न ही राज्य खेल सघ को कोई प्रतियोगिता सम्बंध जानकारी दी गयी। नेशनल शूटर व गोल्ड मेडलिस्ट इंडिया टीम के खिलाड़ी शिवराज सांखला व खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हो रही मनमानी व अनियमितता की जानकारी मदद के लिये अखिल भारतीय स्वामिनाथन संघर्ष कमेटी नागौर के जिलाध्यक्ष मुकेश कुकणा से सम्पर्क कर अवगत करवाया।

**इनका कहना है :** 'खिलाड़ियों की सूचना पर मैं प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचा व संयुक्त सचिव से बात कर उनसे जानकारी चाही लेकिन वो किसी भी प्रकार की जानकारी देने से बचते रहे। संयुक्त सचिव स्वयं एक एकेडमी का संचालन करते हैं और वो चाहते नहीं चाहते की जिले की किसी दूसरी तहसील का खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेवे। खिलाड़ियों की मांग के अनुरूप खिलाड़ियों के साथ जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर उक्त संघ पर नियमानुसार कार्यवाही की मांग की है। एक तरफ सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन करने के लिए प्रयास कर रही दूसरी तरफ खिलाड़ियों की प्रतिभा को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।'

**मुकेश कुकणा,**
**जिलाध्यक्ष नागौर,**
**अ.भा.स्वामीनाथन आयोग**
**संघर्ष कमेटी राजस्थान**

# सड़क निर्माण हेतु भेजे 31 प्रस्ताव 82.55 किलोमीटर की सूची की पेश



मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट 2022-2023 के बजट घोषणा में प्रत्येक विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में 10 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण हेतु प्रगतिशील सौगात दी थी। उसी के फलस्वरूप नागौर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष व मकराना के पूर्व विधायक जाकिर हुसैन गैसावत ने मंगलवार को जयपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री भजनलाल जाटव से मुलाकात कर मकराना विधानसभा क्षेत्र की 31 मार्गों पर नयी सड़को के निर्माण एवं नवीनीकरण हेतु अनुशंसा सूची सौंपी। इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री भजनलाल जाटव ने इसी महीने उक्त सड़को की स्वीकृति जारी करने के लिए आश्वत किया। गैसावत ने जानकारी देते हुए बताया की विकास के पथ पर एक कदम और बढ़ाते हुए जल्द ही मकराना को सड़कों के माध्यम से उपलब्धी मिलने जा रही है।

# शिक्षा के क्षेत्र में कुचामनसिटी का बड़ा योगदान : बिंदा

## नवजीवन डिफेंस एकेडमी कुचामन में कॅरियर गाइडेंस सेमीनार का हुआ आयोजन

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के विद्यासागर ग्रुप ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर पुनाराम बिंदा ने कुचामनसिटी की नवजीवन डिफेंस एकेडमी में आयोजित एक सेमीनार में हिस्सा लिया। बिंदा ने प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुचामन राजस्थान का शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा है और कुचामन शिक्षा के लिए राजस्थान नहीं बल्कि पूरे भारत में युवा तैयार किए हैं जो आगे चलकर देश और राज्य, ग्राम का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर नवजीवन डिफेंस एकेडमी के निदेशक खिवराज कलियां ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कुचामन नंबर पर रहा है। कुचामन में छात्रों को घर जैसा वातावरण और माहौल मिलता है, जिससे पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियां भी होती रहती है और युवा और छात्र बिना भय आगे बढ़ते रहते हैं। इस अवसर पर विद्यासागर ग्रुप के निदेशक पुनाराम बिंदा, नवजीवन डिफेंस के निदेशक खिवराज कलियां, नवजीवन डिफेंस के संचालक रामसुख बाना सहित डिफेंस के छात्र मौजूद रहे और इस मौके पर विद्यासागर ग्रुप के निदेशक पुनाराम बिंदा का नवजीवन डिफेंस के निदेशक खिवराज कलियां ने साफा और माला पहनाकर शानदार स्वागत किया।

# पूर्व मंत्री युनुस खान का पौधारोपण करके मनाया जन्मदिन

पुखराज तानाण



**छोटी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** छोटी खाटू कस्बे में पूर्व मंत्री युनुस खान के जन्मदिन पर पौधारोपण करके मनाया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे का मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया। पौधारोपण के दौरान हुसैन कलोत, हाकम सिंह, गेना राम, सहादत, लियाकत, लुकमान, अल्ताफ, राधेश्याम मांगीलाल, सरफराज एवं अनेक कार्यकर्ता ने यादगार जन्मदिन मनाया।

# ग्राम विकास अधिकारी संघ के लिखित समझौते को लागू करें राज्य सरकार : सेवदा



### ग्राम विकास अधिकारी संघ ने सीएम के नाम दिया ज्ञापन

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की ओर से आठ सूत्री मांगों को लेकर पंचायत समिति मुख्यालय पर विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संघ के अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद सेवदा ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग अभियान के दौरान 1 अक्टूबर 2021 को मुख्यमंत्री कार्यालय में हुए समझौते एवं 11 दिसंबर 2021 को पंचायती राज मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते के आदेश 30 से 45 दिन में जारी होने थे, लेकिन अधिकारी अब उन आदेशों को दबाए बैठे हैं। 30 से 45 दिनों में मांगों पर आदेश जारी करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन लिखित समझौते के 9 माह बीतने के बाद भी अभी तक उनकी मांगो को सरकार की ओर से पूरा नहीं किया गया है। ऐसे में ग्राम विकास अधिकारियों को फिर से आन्दोलन की राह पकडनी पड़ी है। सरकार संघ की मांगों पर अमल करें। ग्राम विकास अधिकारी संघ ने विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद सेवदा, अभिषेक गैना, नंदकिशोर टाक, प्रवीण सिंह भाटी, रमेश जाजड़ा, सुरेश कुमार मीणा, ईश्वर दत्त शर्मा, महेशकुमार दायमा, नरपत सिंह राजपुरोहित, रामप्रेम ओलण सहित अन्य ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमृतमहोत्सव पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

## लॉयंस क्लब कुचामन व पुस्तकालय के सहयोग से आयोजित हुआ कार्यक्रम

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयंस क्लब कुचामनसिटी द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित 15 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों की शृंखला में कुचामन पुस्तकालय में अमृतमहोत्सव उपलक्ष पर महत्वपूर्ण विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक लॉयन संजय राँवका ने बताया कि कार्यक्रम में लॉयंस क्लब अध्यक्ष लॉयन मुकेश डालुका, सचिव मनोज अग्रवाल, पुस्तकालय अध्यक्ष नटवरलाल बक्ता, पुस्तकालय सचिव शिव कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार पारीक, मुख्य अतिथि देवीलाल दादरवाल, समारोह अध्यक्ष अशोक चौधरी, मुख्य वक्ता अनुपम शर्मा मनचस्थ रहे। कार्यक्रम संयोजक लॉयन अंकित डालुका ने बताया कि इस अवसर पर लॉयन मुकेश डालुका, लॉयन मनोज अग्रवाल, लॉयन मनमोहन अग्रवाल, प्रथम उपाध्यक्ष लॉयन बाबूलाल मांधनिया, लॉयन नवदीप खोखरिया, जय प्रकाश डालुका, लॉयन सुमित सोमानी, लॉयन मनीष बंसल, लॉयन राजेश शेखराजका, लॉयन नरेश जैन, लॉयन विपिन पहाड़िया आदि लॉयन साथी व गणमान्य नागरिक उपस्तिथ रहे।

# महावीर इंटरनेशनल ने किया पौधारोपण

सद्दाम रंगरेज




**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** महावीर इंटरनेशनल संस्था परिवार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पौधा रोपण अभियान के दूसरे दिवस मंगलवार को संस्था सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। वीर सुभाष पहाड़िया ने बताया कि 1008 भगवान महावीर मंदिर महावीर उद्यान परिसर में ऑक्सीजन प्रदाता 17 पौधे लगाए गए। इसी प्रकार सम्पर्क संस्थान ग्राउंड में 10 पौधे लगाए गए। संस्था के जोन कोषाध्यक्ष वीर सुभाष पहाड़िया, सचिव वीर रामावतार गोयल, वीर तेजकुमार बड़जात्या, सुरेश कुमार पांड्या, महेश लढा, वीरा अध्यक्ष सरोज पाटनी, वीर रामावतार गोयल, सवीरा मंजू पहाड़िया, वीरा अनिता, वीरा डिम्पल, वीरा निलम काला, वीरा मंजू बड़जात्या, मन्दिर के माली नरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com